मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-404
21/08/2021

# समस्तीपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के पश्चात् पटना हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री ने की पत्रकारों से बातचीत

पटना, 21 अगस्त 2020 :– समस्तीपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पटना लौटने के पश्चात् मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों से पटना हवाई अड्डे पर बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से लोग प्रभावित हुए हैं, जो नुकसान हुआ है, उसका आंकलन कर प्रभावितों की मदद की जायेगी।

पत्रकारों द्वारा जातीय जनगणना को लेकर प्रधानमंत्री से मुलाकात के संबंध में पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कल शाम हमलोग दिल्ली जाएंगे। 23 अगस्त को 11 बजे दिन में प्रधानमंत्री से मुलाकात का समय तय है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के लिये बिहार से जाने वाले प्रतिनिधिमंडल की सूची पहले ही भेज दी गयी है। मेरे साथ 10 पार्टियों के नेता दिल्ली जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जातिगत जनगणना होनी चाहिये, इसी पर हमलोग अपनी बात रखेंगे। यह केन्द्र सरकार के ऊपर निर्भर है कि वो क्या निर्णय लेती है। हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इस पर सकारात्मक रूख अपनायेंगे। पहले से ही हमलोग इसकी चर्चा करते रहे हैं। सभी दल के लोगों ने इस पर सहमति भी जताई है। विधानमण्डल में भी इस पर चर्चा हुई है। अगर केन्द्र सरकार जातीय जनगणना के लिये तैयार नहीं हुई तो क्या बिहार सरकार जातीय जनगणना खुद से करायेगी ? इस सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि वो तो हमलोगों ने पहले भी कहा है कि अगर पूरे देश के लिये जातीय जनगणना का निर्णय नहीं होता है तो इस पर विचार किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश में जदयू के चुनाव लड़ने की तैयारी के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आगे की बात है। उसके लिये हमारी पार्टी के लोग बातचीत करेंगे।

हर घर नल का जल योजना के संबंध में पत्रकारों के पूछे गये सवाल का जवाब देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी 99 प्रतिशत तक काम पूरा नहीं हुआ है। हर घर नल का जल योजना का काम हमलोगों ने 2016 से शुरू किया था। एक साल के लिये कुछ डिस्टर्वेंस हुआ था, उसके बाद 2017 से काम शुरू हुआ है। जो काम बचा हुआ है, उस पर तेजी से काम चल रहा है। 90 प्रतिशत तक काम पूरा होने की जानकारी थी। सात निश्चय के अंतर्गत हमलोगों का ये निर्णय था कि हर हालत में हर घर तक नल का जल पहुंचा देंगे। कुछ दिनों बाद हम फिर से इस योजना की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय–2 के अंतर्गत हर खेत में पानी के प्रबंध करने का निर्णय लिया गया है। इस पर भी काम चल रहा है।

******